RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 02 जुलाई 2025 | वर्ष 07 | अंक 74 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®


खबरें बे-रोकटोक

## विधायक असलम शेख के करीबी फिल्म सेट ठेकदार खालिद खान को गैंगस्टर शिवा शेट्टी से धमकी




Page - 2

# मुंबई : माहिम में प्रार्थना अनुस्मारक के लिए ‘ऑनलाइन अजान’ ऐप, स्थानीय मस्जिदों से सीधे स्ट्रीम करें...




**माहिम :** शहर में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर लगी सख्ती के बीच अब मस्जिदें परंपराओं को कायम रखने के लिए डिजिटल नवाचार की ओर बढ़ रही हैं. ‘ऑनलाइन अजान’ नामक एक मोबाइल ऐप के जरिए अब अजान का सीधा प्रसारण नमाजियों के मोबाइल फोन पर उपलब्ध कराया जा रहा है. यह कदम मुंबई की छह मस्जिदों ने उठाया है, जो अब लाउडस्पीकर के विकल्प के रूप में इस ऐप का उपयोग कर रही हैं.

माहिम की प्रसिद्ध जुमा मस्जिद के मुतवल्ली फहाद खलील पठान ने जानकारी दी कि लाउडस्पीकर से अजान देने पर कानूनी और सामाजिक पाबंदियों को ध्यान में रखते हुए यह ऐप मस्जिदों और नमाजियों के बीच एक डिजिटल पुल बन गया है. ऐप उस समय अजान का ऑडियो प्ले करता है जब मस्जिद में अजान दी जाती है, जिससे लोग घर बैठे भी निर्धारित समय पर अजान सुन सकते हैं.

पठान ने बताया कि पुलिस की चेतावनी के बाद माहिम जुमा मस्जिद ने स्वेच्छा से लाउडस्पीकर का इस्तेमाल बंद कर दिया. साथ ही कहा, ‘‘हमने टकराव की बजाय तकनीकी समाधान को चुना.’’ रमजान जैसे विशेष समय में या जब ध्वनि सीमाएं लागू हों, तब यह ऐप बुजुर्गों और दूर रहने वाले नमाजियों के लिए खास मददगार साबित हो रहा है.

**ऐप का तकनीकी विकास और पहुंच**

यह ऐप तमिलनाडु के तिरुनेलवेली की एक आईटी कंपनी ने विकसित किया है. फिलहाल यह एंड्रॉइड और⁄डर दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है. ऐप के जरिए सीधे अजान का ऑडियो प्रसारण होता है, जिसमें मस्जिदों के समय के अनुसार अलर्ट और ऑटो-प्ले फीचर है. अभी तक मुंबई की 6 मस्जिदें और तमिलनाडु की 250 से अधिक मस्जिदें इस ऐप से पंजीकृत हो चुकी हैं.

**तीन दिन में 500 लोग जुड़े**

फहाद पठान ने बताया कि सिर्फ तीन दिनों में ही माहिम इलाके की जुमा मस्जिद से 500 से अधिक लोगों ने ऐप पर पंजीकरण किया है. इससे साफ है कि मुस्लिम समुदाय तकनीक को अपनाकर धार्मिक परंपराओं को बनाए रखने के लिए उत्सुक है.

**लाउडस्पीकर पर नियम क्या कहते हैं**

मुंबई हाईकोर्ट ने लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध नहीं, बल्कि उसकी ध्वनि सीमा तय की है. दिन में अधिकतम 55 डेसिबल, रात में अधिकतम 45 डेसिबल, इसी दिशा-निर्देश का पालन करते हुए कुछ मस्जिदों ने बॉक्स स्पीकर का इस्तेमाल शुरू कर दिया है.

# मुंबई: रवींद्र चव्हाण महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष...

## केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू पर्यवेक्षक नियुक्त



**मुंबई:** पूर्व लोक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर हैं और अब उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इस चयन प्रक्रिया के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। चव्हाण वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की जगह लेंगे। उन्होंने आज अपना नामांकन दाखिल किया ।सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में चव्हाण ने लिखा, ‘‘मुझे इस बात पर गर्व है कि भाजपा मेरी पहचान है। मुझे पार्टी नेताओं का मार्गदर्शन, पदाधिकारियों और कार्यकताओं का बहुमूल्य समर्थन और जनता का आशीर्वाद मिला है।’’

**देवेंद्र फडणवीस का करीबी**

रवींद्र चव्हाण को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है। वे डोंबिवली विधानसभा क्षेत्र से 4 बार विधायक रह चुके हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार में वे लोक निर्माण मंत्री के पद पर थे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से भी उनके शुरू से ही मधुर संबंध रहे हैं।

**कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके है**

जनवरी 2025 में उन्हें कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। और अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पार्टी के अंदरूनी समीकरणों और मराठा समुदाय को प्राथमिकता देने के मद्देनजर उनका नाम प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर आगे आया है। हालांकि कार्यकताओं की ओर से कहा जा रहा है कि चव्हाण की नियुक्ति के बाद भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूती मिलेगी। रवींद्र चव्हाण को 2002 में भाजपा ने कल्याण उप जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी। 2005 में उन्होंने स्वा. सावरकर रोड वार्ड से कांग्रेस उम्मीदवार को हराया और कल्याण डोंबिवली नगर निगम में पार्षद के तौर पर प्रवेश किया। 2007 में वे स्थायी समिति के अध्यक्ष बने। 2009 में कल्याण विधानसभा क्षेत्र का विभाजन कर अलग निर्वाचन क्षेत्र डोंबिवली बनाया गया।

## मुंबई: मनसे की गुंडागर्दी... मीरा रोड पर मराठी नहीं बोलने पर कर्मचारी को पीटा



**मुंबई:** महाराष्ट्र में हिंदी बनाम मराठी विवाद के बीच मीरा रोड पर महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) की गुंडागर्दी सामने आई है। राज ठाकरे की पार्टी के कार्यकताओं ने मीरा रोड पर मराठी नहीं बोलने पर एक फास्ट फूड शॉप के कर्मचारी को पीटा। उसे कई थप्पड़ मारे। सोशल मीडिया पर सामने आया वीडियो सोमवार की रात का है। यह तेजी से वायरल हो रहा है। इससे पहले भी मनसे के कार्यकताओं ने हिंदी बोलने पर उत्तर भारतीयों की पिटाई की थी। मराठी नहीं बोलने पर मनसे के दो कार्यकर्ता एक व्यक्ति को पीठ रहे हैं। यह ऐसे वक्त पर हुआ है जब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे समेत विपक्ष के दबाव में हिंदी को स्कूलों में तीसरी भाषा बनाने का जीआर (शासनादेश) रद्द किया है।

# ‘I LOVE YOU बोलना यौन उत्पीड़न नहीं’, हाई कोर्ट ने पॉक्सो मामले में शख्स को बरी किया



**मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने पॉक्सो के मामले में व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द कर दिया। पीठ ने कहा कि ‘I LOVE YOU’ केवल भावना की अभिव्यक्ति है। यह यौन उत्पीड़न नहीं है। जब तक कि शब्दों के साथ ऐसा आचरण न हो जो स्पष्ट रूप से यौन इरादे को दशार्ता हो। यह कहते हुए जस्टिस उर्मिला जोशी-फाल्के की पीठ ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी 35 वर्षीय व्यक्ति को बरी कर दिया। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, मामले की सुनवाई करते हुए पीठ ने अपने आदेश में कहा कि किसी भी यौन कृत्य में गलत तरीके छूना, जबरन कपड़े उतारना, अभद्र इशारे या महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से की गई टिप्पणी शामिल है। इससे पहले, नागपुर की एक सत्र अदालत ने 2017 में भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (POCSO) अधिनियम के तहत व्यक्ति को दोषी ठहराया था। पीठ ने उसे तीन साल के कारावास की सजा भी सुनाई थी।

उस व्यक्ति पर आरोप है कि उसने 17 वर्षीय लड़की को स्कूल से घर लौटते समय परेशान किया। शिकायत में कहा गया है कि उस व्यक्ति ने उसका हाथ पकड़ लिया और कहा- I LOVE YOU। यह बात किशोरी ने घर जाकर अपने पिता को बताई। जिसके बाद लड़की के पिता ने FIR दर्ज कराई थी। हाई कोर्ट ने व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि ऐसी कोई भी परिस्थिति नहीं है जो यह संकेत दे कि उसका इरादा लड़की का यौन उत्पीड़न करना था। कोर्ट ने कहा, ‘I LOVE YOU’ जैसे शब्द अपने आप में यौन उत्पीड़न नहीं माने जाएंगे, जैसा कि विधायिका ने माना है। हाई कोर्ट ने कहा कि इसमें कुछ और भी होना चाहिए जो यह बताए कि ‘I LOVE YOU’ कहने के पीछे असली इरादा सेक्स के पहलू को घसीटना था। उन्होंने आगे कहा कि यह मामला छेड़छाड़ या यौन उत्पीड़न के दायरे में नहीं आता है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## बरसात की बेड़ियां...

प्रकृति अपने संतुलन की तलाश में बरसात के गीत गा रही और इधर विकास की छत के नीचे पहाड़ भरभरा रहे। मौसम का एक हल्का सा अलर्ट पता नहीं अपने मंसूबे को कितना विकराल बना देगा और इस पर तुर्रा यह कि सारा सोशल ज्ञान बिन बादल बरसात की तरह खुद ही नहाता रहता है। स्कूल प्रांगण को देखकर समय के अनुरूप छात्रों को रोका गया है, तो यह कदम सतर्कता नहीं एक सुखद पहल है। हिमाचल में बहुत सी गतिविधियां अब रोक दी जाती हैं, फिर भी कई अध्याय बारिश के बीच भीग जाते हैं। खास तौर पर इन दिनों में कुछ परीक्षाओं के आयोजन में करियर की दौड़ लगाई जाती है। रविवार के दिन प्रतियोगी व प्रशासनिक परीक्षा के दौर में ये बूंदें बाढ़ की तरह बरपी हैं और इसका गवाह है परीक्षा भवन की हाजिरी से दूर रहे युवा। यह मुश्किल इसलिए हो जाता है कि कई बार छोटी परीक्षाओं के लिए केंद्र बिखर कर भटक जाते हैं। परीक्षाओं के फलक को सुदृढ़ बनाने के लिए भी एक सुरक्षित मानचित्र होना चाहिए। उसके साथ भी मौसम के अलर्ट नत्थी होने चाहिएं। मसलन तमाम सरकारी विश्वविद्यालयों के अलावा स्कूल शिक्षा बोर्ड को अपने परिसर में स्थायी परीक्षा केंद्र विकसित करने चाहिएं। पिछले कुछ समय से बरसात का डरावना मंजर, सीधे-सीधे हिमाचली महत्त्वाकांक्षा को चुनौती दे रहा है। यह नीतियां-नियमों के अतिक्रमण से शुरू होकर सीधे भूमि पर उतर रहा है। आवासीय व व्यापारिक क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों ने ऐसी जमीन माप ली, जो संवेदनशील खाई या नदी-नाले की तराई है। हम पहाड़ को बचाने की दुहाई साल भर करते हैं, लेकिन जल निकासी के रास्ते को रोक बैठे हैं। बेशक शहरीकरण की जरूरतों में भूमि बैंक बनाते वक्त ऐसी खड्डों का तटीकरण व उसके ऊपर उपलब्ध खाली स्थान की उपयोगिता को सही ढंग से इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन दीर्घकालीन योजनाएं चाहिएं। हमारी योजनाएं-परियोजनाएं सियासी बरसात की तरह है। जैसे ही किसी नेता का सत्ता में पलड़ा भारी होता है विकास की चरागाह अपनी हुकूमत का प्रदर्शन करने लगती है।

विकास की रणनीति, इसकी शर्तें, समय सीमा, निर्माण के महीनों में दिखाई देनी चाहिएं, लेकिन हिमाचल में सत्ता बदलते ही ईंटें रूठ जाती हैं। किसी भी विकास योजना के अधूरे कार्यों को बीच में छोड़कर हम प्रदेश की तौहीन ही नहीं, मौसम की विकरालता के खुले जख्मों को भी आमंत्रित करते हैं। सडक निर्माण का वर्तमान भी सियासत में डूबा रहता है। प्राथमिकताएं समय से पूर्व और मशीनरी से भरपूर होकर अगर एक ही आंचल को बार-बार कुरेदेंगी, तो खतरे पहाड़ के समीप-हर बरसात के नसीब बन जाएंगे।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# वसई में नकली दवाओं पर बड़ी कार्रवाई, 7 सप्लायरों पर मामला दर्ज...

## मासूम की जिंदगी के साथ हो रहा था खिलवाड़!

**वसई :** वसई-विरार शहर महानगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग में नकली दवाइयों की आपूर्ति का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (ऋऋ्‌अ) द्वारा मनपा के सातीवली स्थित मातृ एवं शिशु देखभाल केंद्र से लिए गए दवा सैंपलों की जांच में यह खुलासा हुआ कि केंद्र को नकली दवा की गोलियां सप्लाई की जा रही थीं। इस गंभीर मामले में ऋऋ्‌अ अधिकारियों ने संबंधित सप्लायरों के खिलाफ वालिव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।



**क्या है पूरा मामला?**

वसई-विरार महानगरपालिका अपने नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। इन सेवाओं के तहत, मनपा विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अपने अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों और मातृ एवं शिशु देखभाल केंद्रों को दवाइयाँ उपलब्ध कराती है। ऋऋ्‌अ ने इन्हीं आपूर्तिकर्ताओं में से कुछ की जांच की। जांच के दौरान, दवा की आपूर्ति करने वाले सप्लायरों से उनके दवा स्टॉक की खरीद और बिक्री से संबंधित विस्तृत जानकारी मांगी गई, लेकिन उनके द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई।

**सात सप्लायरों के खिलाफ मामला दर्ज**

इस मामले में ड्रग इंस्पेक्टर सतीश चव्हाण ने जानकारी दी कि वालिव पुलिस स्टेशन में दवा सप्लायर मेसर्स प्राणिक एंटरप्राइजेज और छह अन्य सप्लायरों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 318 (4), 336(3), 340(2), 278, 3(5) के साथ ही औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 17 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**नागरिकों के स्वास्थ्य पर खतरा**

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के एक अधिकारी ने आशंका जताई है कि नकली दवा सप्लाई करने वाला यह एक सक्रिय गिरोह हो सकता है। गौरतलब है कि इस नकली दवा सप्लाई मामले का मुख्य मास्टरमाइंड विजय शैलेंद्र चौधरी फिलहाल दो गंभीर आरोपों में नागपुर जेल में बंद है। इस प्रकार की नकली दवाइयों से नागरिकों, विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा होने की संभावना है। इसी कारण अब नागरिकों की ओर से मनपा को दवाइयां सप्लाई करने वाले सभी आपूर्तिकर्ताओं और उन दवाओं की गहन जांच की मांग की जा रही है।

**मनपा का दावा और शिवसेना (ठाकरे) की मांग**

वसई-विरार मनपा की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भक्ति चौधरी ने दावा किया है कि मनपा के स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाली दवाइयों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और सत्यापन के बाद ही उन्हें स्वीकार किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि दवाओं से जुड़े सर्टिफिकेट, सप्लायर के दस्तावेज, और दवाओं की जानकारी जैसी सभी विवरणों की बारीकी से जांच की जा रही है, और प्राप्त शिकायतों के अनुसार निरीक्षण किए जा रहे है। हालांकि, शिवसेना (ठाकरे) पालघर लोकसभा के संगठक जनार्दन पाटिल ने नकली दवाइयां सप्लाई करने वाली कंपनियों और नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उन्हें तत्काल ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है।

# अवैध बिल्डिंग घोटाले में ईडी ने वसई-विरार में आर्किटेक्ट्स... इंजीनियरों के यहां छापे मारे



**पालघर :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर वसई-विरार क्षेत्र में एक बड़ा अभियान शुरू किया है, जिसमें आर्किटेक्ट और नगर निगम के इंजीनियरों के घरों पर छापेमारी की गई है। मंगलवार सुबह शुरू हुई छापेमारी वसई, विरार और मुंबई में 12 स्थानों पर चल रही है। ये कार्रवाई नालासोपारा में 41 अवैध इमारतों की ईडी की जांच और वसई-विरार नगर निगम में टाउन प्लानिंग के पूर्व उप निदेशक वाई.एस. रेड्डी के खिलाफ बाद में की गई कार्रवाई के दौरान एकत्रित की गई जानकारी के बाद की गई है।

**सोने में वित्तीय लेन-देन के आरोप**

ईडी ने अचानक टाउन प्लानिंग विभाग से जुड़े आर्किटेक्ट और इंजीनियरों के घरों पर नए सिरे से छापेमारी शुरू की, जो कथित तौर पर इस मामले से जुड़े हैं। हालांकि ईडी ने अभी तक चल रही कार्रवाई का आधिकारिक विवरण जारी नहीं किया है, लेकिन इस बात के पुख्ता आरोप हैं कि बिल्डिंग की अनुमति देने के लिए वित्तीय लेन-देन आर्किटेक्ट के माध्यम से किए गए थे। इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि ये लेन-देन नकद में नहीं, बल्कि सोने में किए गए थे। रेड्डी के खिलाफ कार्रवाई के बाद, कई आर्किटेक्ट कथित तौर पर देश छोड़कर चले गए थे, लेकिन हाल ही में वापस लौटे, क्योंकि उन्हें लगा कि मामला सुलझ गया है।

इस व्यापक घोटाले की ईडी की जांच नालासोपारा पूर्व के अग्रवाल नगर में 41 अवैध इमारतों को गिराए जाने के बाद शुरू हुई। पूर्व पार्षद सीताराम गुप्ता ने इन अवैध संरचनाओं का निर्माण किया था। पूर्व पार्षद धनंजय गावडे ने ईडी में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अवैध निर्माण के लिए नगर निगम के अधिकारी और तत्कालीन उपनिदेशक नगर नियोजन वाई.एस. रेड्डी जिम्मेदार हैं। शिकायत में यह भी दावा किया गया था कि निवासियों को बेघर करने की साजिश रची गई थी, इस मामले की जांच की मांग की गई थी। ईडी मार्च से इस मामले की जांच कर रहा है।

# विधायक असलम शेख के करीबी फिल्म सेट ठेकेदार खालिद खान को गैंगस्टर शिवा शेट्टी से धमकी





**मुंबई :** मुंबई के गोरेगांव ईस्ट स्थित फिल्म सिटी में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां फिल्म सेट ठेकेदार खालिद खान को गैंगस्टर शिवा शेट्टी ने धमकी दी है। खालिद खान, जो विधायक असलम शेख के करीबी हैं, ने आरोप लगाया है कि शिवा शेट्टी ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए पैसे और व्यवसाय में साझेदारी की मांग की है। ठेकेदार खालिद खान, जिसे टीवी सीरियल ''तारक मेहता का उल्टा चश्मा'' के सेट का काम मिल रहा था, को धमकी दी गई कि वह काम का ऑर्डर न ले या फिर शिवा शेट्टी को फिरौती दे, तभी वह काम कर सकेगा।

खालिद खान के अनुसार, शिवा शेट्टी और उसके साथी फिल्म सिटी में घुस आए और उन्हें धमकी दी। शेट्टी ने खालिद से पैसे और व्यवसाय में साझेदारी की मांग की, और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी। खालिद खान ने इस मामले में पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिवा शेट्टी का नाम पहले भी कई आपराधिक मामलों में सामने आया है, और वह महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (टउडउ एक्ट) के तहत कई वर्षों तक जेल में रहा है। अब इस नए मामले ने एक बार फिर उसकी गतिविधियों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। खालिद खान ने आरे पुलिस थाने में लिखित शिकायत देकर पुलिस जांच और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

# दक्षिण मुंबई में जलभराव की समस्या से निपटने मनपा लगाएगी फ्लड गेट...




**मुंबई :** मुंबई 26 मई को मुंबई में हुई भारी बारिश के दौरान दक्षिण मुंबई में जलजमाव की समस्या पैदा हुई। यह पानी भरने के स्थान पहली बार हुए है। मनपा का मानना है कि दक्षिण मुंबई में हुए बड़े पैमाने पर जलभराव से निपटने के लिए पांच स्थानों पर नालों के मुहाने पर फल्ड गेट लगाने का निणर्य लिया है। मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी कि समुद्र का पानी नालों और ड्रेन लाइनों में जमा होने के कारण जलभराव की समस्या पैदा हुई। समुद्र का पानी नालों और ड्रेन में न आए इसके लिए फल्ड गेट लगाया जाएगा।

बता दें कि मनपा प्रशासन को 26 मई को बारिश के बाद दक्षिण मुंबई में 83 इलाकों में समुद्र की ऊँची लहरों और भारी बारिश के कारण जलजमाव हुआ। यह जलजमाव पहली बार हुआ खासतौर पर फोर्ट और कोलाबा में जहां पहले कभी जलजमाव नहीं होता था। इस घटना के बाद मनपा ने जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि कोलाबा और फोर्ट के 23 स्थानों पर भारी बारिश और समुद्र का पानी नालों में घुसने के कारण जलजमाव हुआ। समुद्र का पानी नालों में आने से उनकी क्षमता घट गई, जिससे बारिश का पानी निकल नहीं सका। अतिरिक्त मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने कहा, ''हमने दक्षिण मुंबई के नालों के अंतिम हिस्से पर फ्लड गेट लगाने का फैसला किया है। ये फ्लडगेट समुद्र के पानी को नालों में आने से रोकेंगे। पंप के जरिए नालों का वर्षा जल सीधे समुद्र में छोड़ा जाएगा। इससे बारिश के दौरान पानी तेजी से निकाला जा सकेगा।'' जिन स्थानों पर जलजमाव हुआ उनमें मंत्रालय परिसर, मंत्रालय जंक्शन, पुलिस कमिश्नर ऑफिस, क्रॉफर्ड मार्केट, चर्चगेट रेलवे स्टेशन परिसर, मेट्रो सिनेमा, चौथी पास्ता लेन, आकाशवाणी विधायक निवास, कफ परेड और मेट्रो सबवे आदि शामिल हैं। मनपा स्टॉर्म वॉटर ड्रेन विभाग के अनुसार, ए वार्ड में कुल 27 स्थान पर नाले का पानी समुद्र में गिरते हैं। अधिकांश नाले समुद्र स्तर से नीचे हैं जिस कारण हाई टाइड के समय समुद्र का पानी नालों में घुस जाता है। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हर नाले पर फ्लडगेट लगाना संभव नहीं है।

# 'बाबा मुझे चॉकलेट चाहिए', और बाप ने की मासूम की हत्या, रूह कंपा देने वाली वारदात...




**लातूर:** यह खबर किसी का भी दिल दहला देगी। एक पिता अपनी 4 साल की बेटी का हत्यारा बन बैठा। वजह पढ़ कर किसी की भी रुह कांप जाएगी और खुन खौल उठेगा। मासूम बच्ची ने उससे चॉकलेट के लिए पैसे मांगे। जिस बच्ची ने प्यार से ''बाबा'' कहकर उसके कंधे पर सिर रखा होगा, उसी का गला उसने साड़ी से कसकर उसकी नन्ही सी जिंदगी छीन ली। यह अमानवीय वारदात लातूर जिले के उदगीर तहसील के भीमा तांडा गांव में रविवार दोपहर हुई। 4 साल की आरुषी को चॉकलेट बेहद पसंद थी। वह अपनी छोटी-सी जुबान से बार-बार ''बाबा मुझे चॉकलेट चाहिए'' कहती रही। लेकिन उसके पिता बालाजी बाबू राठोड़ के दिल में प्यार की जगह शराब और नफरत भरी थी। पुलिस के मुताबिक, बेटी के बार-बार पैसे मांगने पर उसने अपनी साड़ी ली और उसी से मासूम का गला कस दिया। कुछ ही मिनटों में बच्ची का दम घुट गया। उसकी किलकारियां, उसकी मुस्कान सब हमेशा के लिए खत्म हो गई।

**घरेलू कलह और शराब ने ली मासूम की बलि**

जांच में सामने आया है कि आरोपी को शराब की लत थी। अक्सर वह नशे में पत्नी को मारता-पीटता और बच्चों को जान से मारने की धमकी देता था। इस हिंसा से तंग आकर पत्नी वर्षा तीन महीने पहले अपने मायके चली गई थी। लेकिन 9 जून को आरोपी पति जबरन उसके मायके पहुंचा और चार साल की आरुषी को अपने साथ भीमा तांडा गांव ले आया। रविवार को उसी घर में, जहां उसे सबसे ज्यादा प्यार और सुरक्षा मिलनी चाहिए थी, उसी घर में उसकी सांसें छीन ली गईं।

**मां तक कैसे पहुंची यह खबर**

रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे वर्षा के मामा के फोन पर एक दिल दहला देने वाला कॉल आया। दूसरी तरफ उसकी सास मंगलबाई थी। आवाज कांप रही थी, तुम्हारे पति बालाजी ने आरुषी को मार डाला है। उसने उसे साड़ी से फांसी दे दी है। यह सुनते ही मां वर्षा का कलेजा फट गया। वह चीखती-चिल्लाती हुई सरकारी अस्पताल भागी। लेकिन डॉक्टरों ने साफ कह दिया। आपकी बच्ची अब इस दुनिया में नहीं रही। वर्षा की चीखें अस्पताल की दीवारों में गूंजती रहीं। हर कोई पत्थर की तरह खामोश था। कोई उसे कैसे दिलासा देता?

# डॉक्टर ने की मरीज से छेड़खानी... घटना के बाद से डॉक्टर फरार



**मुंबई :** कांदिवली पूर्व इलाके में स्थित समतानगर में एक डॉक्टर की क्लिनिक में महिला से छेड़खानी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ईलाज के लिए क्लीनिक गई थी, लेकिन डॉक्टर ने उसके साथ शर्मनाक हरकत की। जानकारी के अनुसार, पीड़िता को पिछले कुछ दिनों से कमजोरी महसूस हो रही थी। इसी का इलाज करवाने के लिए वह रविवार रात स्वस्तिक क्लीनिक पहुंची थी। क्लीनिक के संचालक डॉ. दिनेश गुप्ता ने महिला को सलाइन लगाने की बात कही और इलाज शुरू किया। महिला का आरोप है कि सलाइन लगाने के बाद डॉक्टर ने उसे गलत तरीके से छूना शुरू किया और उसके निजी अंगों को भी स्पर्श किया। महिला इस घटना से बेहद घबरा गई और उसने तुरंत समतानगर पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने डॉ. दिनेश गुप्ता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की छेड़खानी और महिला की मयार्दा भंग करने से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत दर्ज होने के बाद से ही आरोपी डॉक्टर फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है और आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

# मुंबई : पारिवारिक और वित्तीय विवाद... फ्लैट जब्त!

**मुंबई :** एक कटु पारिवारिक और वित्तीय विवाद के केंद्र में स्थित पेडर रोड के एक प्रमुख फ्लैट को जे.सी. फ्लावर्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (एआरसी) ने जब्त कर लिया। इसके मालिक आलोककुमार कासलीवाल को बेदखली का नोटिस दिया गया था। आलोककुमार कासलीवाल प्रसिद्ध कपड़ा व्यवसायी शंकरलाल कासलीवाल के बेटे हैं। 10 करोड़ रुपये मूल्य के इस 2-बीएचके अपार्टमेंट को कर्ज न चुकाने के बाद अपने कब्जे में लिया गया।

कर्ज न चुकाने के कारण यह कर्ज कथित तौर पर 40 करोड़ रुपये से बढ़कर 85 करोड़ रुपये हो गया है। आलोककुमार का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता जयकुमार शिराधोंकर ने इस कार्रवाई की पुष्टि की। उन्होंने कहा, ''मेरे मुवक्किल ने मुझे फोन करके बताया कि बैंक ने संपत्ति जब्त कर ली है। हालांकि, मेरे मुवक्किल के परिवार ने अभी तक फ्लैट से अपना निजी सामान नहीं हटाया है।''

# नारायण राणे पर टिप्पणी को लेकर गोगावले ने मांगी माफी;



**मुंबई :** शिवसेना के मंत्री भरत गोगावले ने अपने कैबिनेट सहयोगी और भाजपा विधायक नितेश राणे से उनके पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे पर की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि वे फ्लो-फ्लो में बोल गए। उनकी टिप्पणी के पीछे कोई गलत इरादा नहीं था और वह केवल संगठन के लिए किए गए प्रयासों के लिए नारायण राणे की प्रशंसा कर रहे थे। गौरतलब है कि शनिवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए भारत गोगावाले ने कहा था कि नारायण राणे आज जहां हैं, वहां वे आसानी से नहीं पहुंचे हैं और उसके लिए उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हुए। वे जेल गए और लड़ाई और हत्या की घटनाओं में शामिल रहे।

# पत्नी की नाबालिग चचेरी बहन से दुष्कर्म के लिए आरोपी को 10 साल की सजा



**मुंबई :** विशेष पॉक्सो अदालत ने पत्नी की नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म और उसके गर्भवती होने के मामले में एक व्यक्ति को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि सजा से यह संदेश जाना चाहिए कि ऐसे अपराधियों से सख्ती से निपटा जाता है। विशेष पॉक्सो जज डीएस देशमुख ने 16 जून को अपने आदेश में बचाव पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि संबंध सहमति से बने थे। उन्होंने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत नाबालिग की सहमति अप्रासंगिक है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर निवासी 35 वर्षीय आरोपी की शादी पीड़िता की ममेरी बहन से हुई है और उसका एक बेटा भी है।

# मुंबई : खुद को आईएएस अफसर बता सुविधाएं लेने वाला गिरफ्तार



**मुंबई :** पुलिस ने एक ऐसे बहुरूपिये को गिरफ्तार किया है, जो खुद को आईएएस अधिकारी बताकर सरकारी सुविधाओं का लाभ ले रहा था। आरोपी की पहचान बिहार निवासी चंद्रमोहन सिंह के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुद गृह मंत्रालय का अधिकारी बताकर चंद्रमोहन इन दिनों मुंबई में कस्टम के गेस्ट हाउस में ठहरा था और भारत सरकार लिखी पट्टी वाली कार में घूमता था। हालांकि, उसके मकसद का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस को उसके पास से एक और दस्तावेज मिला, जिसमें दावा किया गया था कि वह रक्षा मंत्रालय में काम करता है।

# पुणे में हाईवे पर कार रोककर किशोरी का यौन उत्पीड़न और तीन महिलाओं को लूटा



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पुणे जिले के दौंड में सोमवार तड़के दो मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्तियों ने कार रोककर एक 17 वर्षीय लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। इसके अलावा, आरोपियों ने तीन महिलाओं से सोने के गहने भी लूट लिए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना सुबह करीब 4:15 बजे हाईवे पर भीगवान के पास हुई। ड्राइवर ने शौच के लिए कार रोकी थी। कार में ड्राइवर, तीन महिलाएं और 17 वर्षीय दो लड़के और एक 17 वर्षीय लड़की सवार थी। पीड़ित पुणे के जुन्नार तहसील के गांव के रहने वाले थे और सोलापुर जिले के मंदिर शहर पंढरपुर जा रहे थे। हालांकि लियो की यह चालाकी मुंबई कस्टम विभाग के अधिकारियों के सामने टिक नहीं सकी। ग्रीन चैनल से बाहर निकलने के दौरान उसकी हरकतें संदिग्ध लगीं और तुरंत उसकी तलाशी ली गई। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह इन सांपों की तस्करी के लिए मोटी रकम पाने वाला था। वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने भी इस बरामदगी की पुष्टि की है। भले ही ये सांप अंतरराष्ट्रीय संधि (उक्ळएर) की सबसे सख्त सूची में न हों, लेकिन बिना किसी वैध कागजात के इस तरह जीवित जानवरों को सीमा पार ले जाना पूरी तरह से अवैध है।

# मुंबई : आदेश के बावजूद 29 डिप्टी कलेक्टरों में से केवल 12 ने ही मूल विभाग में वापसी की



**मुंबई :** राजस्व विभाग के स्पष्ट आदेश के बावजूद 29 डिप्टी कलेक्टरों में से केवल 12 ने ही अपने प्रतिनियुक्ति पदों को त्यागकर अपने मूल विभाग में वापसी की है। जारी किए गए रिकॉल ऑर्डर में सभी को सोमवार तक राजस्व विभाग में वापस रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। विभाग में हलचल मच गई है। प्रतिनियुक्ति रद्द करने की कार्रवाई राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के आदेश पर शुरू की गई थी।

अधिकांश अधिकारी अपने मूल विभाग में शामिल होने के मूड में नहीं दिखते हैं क्योंकि वे एमएमआरडीए, एसआरए, म्हाडा आदि जैसे प्रमुख नागरिक निकायों और प्राधिकरणों में महत्वपूर्ण आकर्षक पदों पर हैं।

ऐसे प्राधिकरणों में पद पाना आसान नहीं है और उनमें से कई अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करने के लिए महाराष्ट्र के भीतरी इलाकों में नहीं जाना चाहते हैं, एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा। उनके अनुसार, कम से कम चार डिप्टी कलेक्टरों ने आदेश रद्द करने की याचिका के साथ महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण (एमएटी) का दरवाजा खटखटाया है। लेकिन विभाग को उन्हें वापस बुलाने का पूरा अधिकार है। विभाग में डिप्टी कलेक्टरों की कमी है, क्योंकि 116 पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि 80 डिप्टी कलेक्टरों को अतिरिक्त कलेक्टर के पद पर पदोन्नत करने के बाद विभाग के पास प्रतिनियुक्ति रद्द करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

# मौत का सामान! मुंबई एयरपोर्ट पर विदेशी यात्री के बैग से निकले 16 जिंदा सांप

**मुंबई:** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सांपों की तस्करी की बड़ी घटना सामने आई। कस्टम अधिकारियों ने एक विदेशी यात्री को गिरफ्तार किया जो चॉकलेट के डिब्बों में 16 जीवित सांप छिपाकर भारत लाने की कोशिश कर रहा था। आरोपी यात्री का नाम गुडमैन लिनफोर्ड लियो बताया गया है। लियो ने फिल्मी अंदाज में तस्करी का पूरा प्लान बनाया था।

उसने अपने बैग में चॉकलेट के डिब्बे और पुराने कपड़े भरे थे जिनके अंदर बेहद सावधानी से 16 जीवित सांपों को छोटे-छोटे पाउच में बांधकर छुपा रखा था। लियो की चालाकी इतनी थी कि उसने



यह पूरा जुगाड़ ग्रीन चैनल से बेखौफ निकलने के लिए किया, ताकि कोई उसकी तलाशी न ले। मगर उसकी हरकतें कस्टम अधिकारियों की नजर में आ गईं। जैसे ही उसे रोका गया और बैग खोला गया अंदर का नजारा देख अधिकारी भी सुन्न रह गए।

लियो के बैग से जो सांप निकले, वो कोई मामूली सांप नहीं थे बल्कि बेहद दुर्लभ विदेशी प्रजातियां थीं। इनमें शामिल 5 होंडुरन मिल्क स्नेक, 2 गार्टर स्नेक, 2 केनियन सैंड बोआ, 1 बैंडेड कैलिफोर्निया किंग स्नेक, 5 राइनोसिरस रैट स्नेक और 1 अल्बिनो रैट स्नेक ये सांप बेहद महंगे और विदेशी बाजारों में लाखों में बिकने वाले माने जाते हैं।

## मुंबई : डेवलपर सैटेलाइट होल्डिंग्स ने ताड़देव में 34 मंजिला इमारत का अनधिकृत निर्माण किया....



**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की खिंचाई की और डेवलपर सैटेलाइट होल्डिंग्स की तीखी आलोचना की, जिसने अनिवार्य अग्नि सुरक्षा मंजूरी सहित आवश्यक अनुमोदन के बिना ताड़देव में 34 मंजिला इमारत का निर्माण करके ''स्पष्ट अवैधता'' की। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि बिना ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट (ओसी) के मंजिलों - 17 से 34 - पर कब्जा करने वाले फ्लैट खरीदार अपने जोखिम पर ऐसा कर रहे थे।

तारदेव आरटीओ के पास विलिंगडन व्यू को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी के सदस्य सुनील बी. झावेरी (एचयूएफ) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और आरिफ डॉक्टर की पीठ ने कहा, ''बहुत सारी अवैधताएं हैं।'' अदालत ने कहा कि डेवलपर (प्रतिवादी संख्या 9) सैटेलाइट होल्डिंग्स ने 2020 से अनधिकृत निर्माण किया है और गंभीर उल्लंघनों के बावजूद इमारत को ''दंड से मुक्ति'' के साथ बनने दिया गया।

# धारावी निवासियों के लिए चार-स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र स्थापित



**मुंबई :** धारावी में सर्वेक्षण कार्य पूरा होने के कगार पर है और अनुलग्नक-क्क का मसौदा तैयार हो रहा है, धारावी पुनर्विकास परियोजना (DRP) / एसआरए ने समानांतर रूप से चार-स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करना शुरू कर दिया है। यह धारावी निवासियों द्वारा उठाई गई किसी भी चिंता को हल करने में मदद करने के लिए है। ''हमारा उद्देश्य ''सभी के लिए आवास'' है। हम चाहते हैं कि धारावी के प्रत्येक निवासी को पुनर्विकास परियोजना का लाभ मिले। यदि किसी निवासी को लगता है कि उन्हें अनुसूची-II से गलत तरीके से बाहर रखा गया है, या सर्वेक्षण में कोई त्रुटि हुई है, तो हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी चिंताओं को निष्पक्ष रूप से सुना जाए और सिंगल-विंडो शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से उनके अन्य स्थानों पर भागदौड़ किए बिना शीघ्रता से हल किया जाए,'' DRP CEO एसवीआर श्रीनिवास ने कहा। शिकायत निवारण प्रक्रिया कैसे काम करती है, यह बताते हुए DRP के CEO ने कहा, ''अनुलग्नक-II के मसौदे के प्रकाशन के बाद, यदि किसी किरायेदार के पास कोई वैध शिकायत है, तो वह इसे सक्षम प्राधिकारी (सीए) के संज्ञान में ला सकता है। यदि अंतिम अनुलग्नक-II के प्रकाशन के बाद भी शिकायत का समाधान नहीं होता है, तो चार-स्तरीय शिकायत निवारण उपलब्ध होगा। एक अपीलीय अधिकारी (AO) होगा, जो शिकायत की सुनवाई करेगा और निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका समाधान करेगा। यदि शिकायतकर्ता अड के निर्णय से संतुष्ट नहीं है, तो वे अगले स्तर पर जा सकते हैं जो कि शिकायत निवारण समिति (ऋष्ठ) है जिसमें वरिष्ठ डीआरपी अधिकारी शामिल हैं''।

# पुणे-सोलापुर हाईवे पर नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न; महिला के गहने भी लूट लिए



**पुणे :** एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुणे-सोलापुर हाईवे पर भीगवान के पास दो अज्ञात लोगों में से एक ने अपने परिवार के साथ कार में यात्रा कर रही नाबालिग लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। ड्राइवर के चाय पीने के लिए रुकने के बाद हमलावर हथियारों से लैस होकर कार के पास पहुंचे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने मौके से भागने से पहले एक महिला के सोने के गहने भी लूट लिए। अधिकारियों ने बताया कि पुणे ग्रामीण पुलिस ने भीगवान के पास सशस्त्र डकैती और यौन उत्पीड़न के लिए वांछित संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। पुणे ग्रामीण पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गणेश बिरादर ने बताया, ''पुणे जिले के तीन परिवारों के सात लोग सुबह करीब 4.15 बजे पुणे से सोलापुर की ओर जा रहे थे। ड्राइवर ने चाय पीने के लिए गाड़ी को सड़क किनारे रोक दिया था। उसी समय दो अज्ञात लोग धारदार हथियारों के साथ कार के पास पहुंचे और उन्होंने महिलाओं में से एक के सोने के गहने लूट लिए।

# 1 जुलाई से 4 दिनों तक 29 जिलों में बारिश, 10 ऑरेंज और 19 जिलों में येलो अलर्ट



**पुणे:** जुलाई महीने की शुरूआत अच्छी बारिश के साथ होने की उम्मीद है, मंगलवार से गुरुवार तक राज्य के 29 जिलों में बारिश शुरू हो गई है। कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा में भी बारिश शुरू हो रही है, जहां जून में कम बारिश हुई थी। इस साल कोंकण और मध्य महाराष्ट्र की तुलना में मराठवाड़ा और विदर्भ में मानसून जून में देरी से पहुंचा। इन दोनों क्षेत्रों में कम बारिश हुई, लेकिन जुलाई की शुरूआत अच्छी रही और 29 जिलों में भारी बारिश का अनुमान है।

विदर्भ में अगले 2 दिन गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने यह भी अनुमान जताया है कि मराठवाड़ा में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। सोमवार को सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी, कोल्हापुर, सतारा जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पूरे विदर्भ और रायगढ़ और पुणे जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती हालात का नतीजा**

मौसम विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि 1 से 5 जुलाई तक मराठवाड़ा में तेज हवाएं, गरज और 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। आज सुबह से ही मराठवाड़ा के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। बारिश की संभावना है। मराठवाड़ा में इस साल मई में अधिकांश जगहों पर भारी बेमौसम बारिश हुई थी। इस बेमौसम बारिश के भरोसे किसानों ने करीब 50 फीसदी बुवाई पूरी कर ली थी।

**मराठवाड़ा में अगले पांच दिनों तक मुसलाधार**

इस बीच, भारी बारिश के कारण बुवाई खतरे में पड़ गई। किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी थीं। जिन किसानों के पास पानी उपलब्ध था, उन्होंने पाले से सिंचाई करके फसल की सिंचाई शुरू कर दी थी। किसान दोहरी बुवाई के संकट से चिंतित थे। इस बीच, 1 जुलाई से 5 दिनों तक मराठवाड़ा में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

मराठवाड़ा में, 3 जुलाई के दौरान वर्षा औसत से कम होने की संभावना है, अधिकतम तापमान औसत से कम और न्यूनतम तापमान औसत के आसपास रहने की संभावना है। 4 से 10 जुलाई के बीच, वर्षा औसत से अधिक होने की संभावना है, अधिकतम और न्यूनतम तापमान औसत के आसपास रहने की संभावना है।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com